पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से मुख्यमंत्री ने भेंट की
विधान परिषद सदस्यों के नामांकन एवं विधेयकों तथा अन्य विषयों पर चर्चा हुई

लखनऊः 21 अक्टूबर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक से आज प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने राजभवन में लगभग एक घंटे तक मुलाकात की। इस अवसर पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने एक-दूसरे को नवरात्रि तथा दशहरे की शुभकामनाएं दी।

राज्यपाल से भेंट के दौरान मुख्यमंत्री ने विधान परिषद सदस्यों के नामांकन एवं विचाराधीन विधेयकों के बारे में विस्तार से चर्चा की।

राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को दिवंगत पुलिस उपनिरीक्षक स्व0 मनोज मिश्रा की पत्नी श्रीमती शशि मिश्रा द्वारा गत दिवस उनके लखीमपुर खीरी के कार्यक्रम के अवसर पर दिये गये ज्ञापन के बारे में अवगत कराया। ज्ञातव्य है कि स्व0 मनोज मिश्रा का थाना फरीदपुर बरेली में 9 सितम्बर, 2015 को गोली लगने से निधन हो गया था।

श्री नाईक ने मुख्यमंत्री को यह भी अवगत कराया कि स्व0 मनोज मिश्रा के गांव हरदासपुर के लोगों ने घटना के विरोध में वर्तमान में चल रहे पंचायत चुनाव का बहिष्कार किया है। मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने इस संबंध में राज्यपाल को स्व0 मनोज मिश्रा के परिवार को तुरन्त सहायता दिये जाने का आश्वासन दिया।

इस अवसर मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने राज्यपाल को उत्तर प्रदेश छात्र संसद का अधिवेशन लखनऊ में कराने हेतु उचित सहयोग दिये जाने का आश्वासन भी दिया।